Sheridan | Faculty of Humanities and Social Sciences

## सूचित सहमति

आपको "अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की सफलता: रोजगार और आवास के अनुभव अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों को किस तरह से प्रभावित करते हैं" नामक एक शोध अध्ययन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है, जिसका संचालन डॉ. जेसिका मेरोली और डॉ. लिसा ड्रोगेंडीयक के द्वारा किया जा रहा है। डॉ. मेरोली शेरिडन में मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय में प्रोफेसर हैं और यदि आपके पास कोई अन्य प्रश्न हैं तो आप उन्हें Jessica.merolli@sheridancollege.ca पर ईमेल भेजकर उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### शोध अध्ययन का उद्देश्य

इस रिसर्च प्रोजेक्ट का उद्देश्य इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करना है कि कॉलेज के दौरान आवास और रोजगार के अनुभव अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की शैक्षणिक सफलता, उनके दीर्घकालिक रोजगार एवं आव्रजन योजनाओं को किस तरह से प्रभावित करते हैं। शोध अध्ययन में यह भी देखा जाएगा कि शेरिडन में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों पर कोविड-19 का क्या प्रभाव पड़ा है।

इस प्रकार का शोध अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शेरिडन को अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की मदद करने के लिए बेहतर कार्यक्रमों और नीतियों बनाने में मदद कर सकता है। इस शोध का उपयोग अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए बेहतर आव्रजन नीतियां बनाने हेतु भी किया जा सकता है।

इस प्रोजेक्ट को एसआरसीए ग्रोथ ग्रांट के माध्यम से शेरिडन रिसर्च सेंटर द्वारा वित्त पोषित (फंडिग) किया जा रहा है।

आप इस प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी https://internationalstudentsurvey.sheridancollege.ca/ पर प्राप्त कर सकते हैं।

इस प्रोजेक्ट को शेरिडन कॉलेज के रिसर्च एथिक्स बोर्ड के द्वारा मंजूरी दी गई है। यदि आपको एथिक्स अनुमोदन प्रक्रिया, इस फॉर्म या इस प्रोजेक्ट के प्रबंधन के मुद्दों के बारे कुछ पूछना है या इससे संबंधित आपके कुछ प्रश्न हों तो आप शेरिडन कॉलेज रिसर्च एथिक्स बोर्ड के चेयरमैन डॉ. क्रिस्टन मैडसेन (*kirsten.madsen@sheridancollege.ca*) से संपर्क कर सकते हैं।

**भागीदारी के जोखिम और लाभ**

आपको इस शोध अध्ययन में भाग लेने के लिए इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि आप अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी हैं जिन्हें शेरिडन में कम से कम 2 सेमेस्टर के लिए दाखिला दिया गया है।

यदि आप स्वेच्छापूर्वक इस शोध अध्ययन में भाग लेने के लिए सहमत हैं तो आपकी इस भागीदारी में आपको 45 मिनट के सर्वेक्षण को पूरा करना शामिल होगा।

आपको इस शोध अध्ययन में भाग लेने में कुछ संभावित जोखिम भी हैं, जिसमें एक अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के रूप में अपने अनुभवों और संघर्षों को साझा करने के भावनात्मक प्रभाव का जोखिम शामिल है। यदि आप इन भावनात्मक प्रभावों को महसूस करते हैं, तो आपके लिए मुफ्त मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की एक सूची इस पत्र के अंत में दी गई है जिसे आप एक्सेस कर सकते हैं।

इसमें यह जोखिम है कि हमारे द्वारा एकत्रित किए गए डेटा को यदि प्रकाशित कर दिया गया तो यह आपकी आव्रजन स्थिति को प्रभावित कर सकता है, ऐसा होने से बचने के लिए, हम आपसे आपके नाम को साझा करने के लिए नहीं कहेंगे और यदि आप एक ईमेल पता प्रदान करते हैं तो इसे कानून द्वारा प्राप्त आवश्यक सीमा तक गोपनीय रखा जाएगा। आपका ईमेल पता आपके सर्वेक्षण के जवाबों से अलग से एकत्र किया जाएगा और इसका इस्तेमाल केवल आपको भागीदारी स्वरूप सराहना के रूप में भत्ता भेजने के लिए किया जाएगा। भत्ता भेजे जाने और सर्वेक्षण के समाप्त हो जाने के बाद, आपका ईमेल पता हमारे रिकार्ड से हटा दिया जाएगा। आपके सर्वेक्षण जवाबों (उत्तरों) एवं हटाई गई जानकारी की पहचान को एक सुरक्षित शेरिडन कॉलेज के सर्वर पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाएगा। आपके सर्वेक्षण के जवाबों को 15 वर्षों तक संग्रहित रखा जाएगा, और इसके बाद इसे शेरिडन कॉलेज के सर्वर से हटा दिया जाएगा एवं इसे नष्ट कर दिया जाएगा।

सर्वेक्षण परिणामों से संबंधित सभी डेटा केवल सारांश रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे और आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग किसी भी रिपोर्ट में नहीं किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के परिणामों और रिपोर्ट को इंटरनेशनल सेंटर के साथ साझा किया जाएगा और इंटरनेशनल सेंटर के पास रिपोर्ट प्रकाशित करने से पहले जवाब देने का अवसर होगा। हालांकि, इंटरनेशनल सेंटर सीधे ही सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं (जवाबों) तक पहुँचने में सक्षम नहीं होगा।



The Sheridan College Institute of
Technology and Advanced Learning
1430 Trafalgar Road
Oakville, Ontario L6H 2L1

**T** 905 845 9430

sheridancollege.ca

यदि आप इस सर्वेक्षण में किसी भी प्रश्न का जवाब देने में सहज नहीं महसूस करते हैं, तब आप “प्रिफर नॉट टू से” (कहना नहीं पसंद करता) विकल्प का चयन कर सकते हैं। यदि आप सर्वेक्षण शुरू करने बाद सर्वेक्षण को पूरा नहीं करना चाहते हैं तो आप आप अपना ब्राउजर बंद कर सकते हैं, और इस अपूर्ण सर्वेक्षण के डेटा को सहेजा (सेव) नहीं जाएगा।

यदि आप इस सर्वेक्षण के दौरान या बाद में भावनात्मक पीड़ा महसूस करते हैं, तो इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों हेतु नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की सूची उपलब्ध है जो इस पत्र के अंत में दी गई है।

इस सर्वेक्षण में भाग लेना पूरी तरह से स्वैच्छिक है और इससे शेरिडन में आपको मिलने वाली कोई भी सेवा या सहायता प्रभावित नहीं होगी। यदि आप अन्वेषक के साथ किसी भी कक्षा में भर्ती हैं तो यह उस कक्षा में परिणामों को प्रभावित नहीं करेगा। सन् 2020 के अंतिम सेमेस्टर के दौरान एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण 2021 के बसंत सेमेस्टर तक नहीं किया जाएगा।

इस शोध अध्ययन में आपकी भागीदारी के संभावित लाभ स्वरूप शोध अध्ययन के निष्कर्षों के परिणामों के रूप में शेरिडन में आपके लिए बेहतर सेवाएं शामिल है। आपके भागीदारी से संबंधित किसी भी असुविधा हेतु आपको मुआवजे के रूप में $25 ई-गिफ्ट कार्ड आपको दिया जाएगा। आपके लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि रिसर्च प्रतिभागियों को अनुचित मुआवजा या पुरस्कार प्रदान करना अनैतिक है।

## सूचित सहमति

[    ] मैंने पहले की जानकारी को अच्छी तरह से पढ़ लिया है। मुझे सवालों को पूछने का अवसर दिया गया था और मेरे सभी सवालों का संतोषजनक जवाब दिया गया है अर्थात मैं जवाबों से संतुष्ट हूँ। मैं इस शोध अध्ययन में भाग लेने के लिए सहमत हूँ। मैं जानता हूँ कि मुझे इस फॉर्म की एक डिजिटल प्रति प्राप्त होगी।

[    ] मैं इस शोध अध्ययन में भाग लेने के लिए सहमत नहीं हूँ।



The Sheridan College Institute of Technology and Advanced Learning
1430 Trafalgar Road
Oakville, Ontario L6H 2L1

T 905 845 9430

sheridancollege.ca

**फॉलो-अप स्टडी**

शोधकर्ता एक फॉलो-अप स्टडी संचालित करेंगे। इस फॉलो-अप स्टडी में भागीदारी भी स्वैच्छिक है और इसमें भाग लेने से शेरिडन से प्राप्त होने वाली आपकी कोई भी सेवा या सहायता प्रभावित नहीं होगी। इस फॉलो-अप स्टडी का उद्देश्य यह जांच करना है कि प्रतिभागियों ने अपने दीर्घकालिक रोजगार और इमिग्रेशन लक्ष्यों को प्राप्त किया है या नहीं। अगर आप इस फॉलो-अप स्टडी में भाग लेते हैं तो शेरिडन कॉलेज से आपके स्नातक होने के 2 साल बाद आपके द्वारा प्रदान किए गए ईमेल का उपयोग करके आपसे संपर्क किया जाएगा।

आपके ईमेल को कानून द्वारा प्रदान की गई सीमा तक गोपनीय रखा जाएगा। यदि आप फॉलो-अप सर्वेक्षण में भाग लेना चुनते हैं तो आपके ईमेल पते को डेटा से हटा दिया जाएगा और इसे एक नंबर से परिवर्तित कर दिया जाएगा। आपके ईमेल पते के साथ नंबर से जुड़ी सूची को शेरिडन कॉलेज के एक सुरक्षित सर्वर पर एक पासवर्ड से संरक्षित फाइल में रखा जाएगा और इसे आपके सर्वेक्षण के उत्तर ('डेटा') से अलग रखा जाएगा। फॉलो-अप सर्वेक्षण के लिए आपका ईमेल पता 6 साल तक रखा जाएगा। 6 साल के बाद, वह फाइल जिसमें सभी ईमेल पते हैं, उसे सर्वर से हटा दिया जाएगा और इसे नष्ट कर दिया जाएगा। शेरिडन कॉलेज कानून द्वारा प्राप्त पूर्ण सीमा तक डेटा की गोपनीयता की रक्षा करेगा।

आप प्रमुख अनुसंधानकर्ता डॉ.जेसिका मेरोली को Jessica.merolli@sheridancollege.ca पर ईमेल करके फॉलो-अप स्टडी से हट सकते हैं। यदि आप फॉलो-अप स्टडी से हट जाते हैं तो आपकी संपर्क जानकारी हटा दी जाएगी।

**सूचित सहमति**

- ☐ मैं फॉलो-अप स्टडी में भाग नहीं लेना चाहता हूँ।

या

- ☐ मैं समझता हूँ कि फॉलो-अप स्टडी में भाग लेना पूरी तरह से स्वैच्छिक है और यह अभी किए जा रहे सर्वेक्षण में मेरी भागीदारी को प्रभावित नहीं करता है।

- ☐ मैं इस रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए फॉलो-अप स्टडी में भाग लेना चाहूँगा।
- ☐ मैं अनुसंधानकर्ताओं को स्नातक की मेरी अपेक्षित तारीख के 2 साल बाद मुझसे संपर्क करने के लिए मेरे द्वारा नीचे प्रदान किए गए ईमेल पते का उपयोग करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

जिस ईमेल पते पर मुझसे संपर्क किया जाय, वह है: ______________________

(उस ईमेल पते का उपयोग करें जो आपको लगता है कि आप भविष्य में भी उसी ईमेल पते का उपयोग करते रहेंगे। **शेरिडन ईमेल का उपयोग नहीं करें।**)

मेरी स्नातक की अपेक्षित तारीख है: ________________

**अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य सहायता सेवाएं**

Guard.Me के द्वारा Keep.me SAFE

शेरिडन के सभी अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी Guard.Me द्वारा प्रदान किए गए उनके हेल्थ इंश्योरेंस के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए मदद प्राप्त कर सकते हैं।

Keep.me SAFE बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक विशेषज्ञों की चौबिस घंटे (24/7) पहुँच सुविधा के साथ विद्यार्थियों को गोपनीय एवं निजी सेवा प्रदान करता है, ताकि विद्यार्थी अपनी समस्याओं एवं मामलों के बारे में किसी ऐसे व्यक्ति से चर्चा कर सकें जो उनकी ही भाषा में बात करता हो और उनकी संस्कृति को समझता हो।

- ऐप्पल या एंड्रॉइड स्टोर से My SSP ऐप डाउनलोड करें।
- 1-844-451-9700 पर कॉल करें, या
- www.keepmesafe.org पर विजिट करें।



The Sheridan College Institute of Technology and Advanced Learning
1430 Trafalgar Road
Oakville, Ontario L6H 2L1

T 905 845 9430

sheridancollege.ca

Sheridan | Faculty of Humanities and Social Sciences

**Good2Talk**

Good2Talk (गुड2टॉक) एक चौबिस घंटे (24/7) सहायता सेवा है जो ऑटोरियो में एक पोस्ट-सेकेंडरी संस्थान या स्वदेशी संस्थान में अध्ययन करने वाले किसी भी विद्यार्थी के लिए उपलब्ध है। 1-866-925-5454 पर Good2Talk (गुड2टॉक) को कॉल करके मानसिक स्वास्थ्य, व्यसनों और कल्याण के लिए ऑन और ऑफ कैंपस पर सेवाओं और सहायता के बारे में जानकारी और परामर्श प्राप्त कर सकते हैं और किसी पेशेवर परामर्शदाता (काउंसलर) से गुप्त रूप से बात कर सकते हैं।

किड्स हेल्फ फोन द्वारा संचालित क्राइसिस टेक्स्ट लाइन के साथ Good2Talk की साझेदारी के माध्यम से सभी पोस्ट-सेकेंडरी विद्यार्थी भी Good2Talk के माध्यम से निशुल्क रूप से पाठ-आधारित मदद प्राप्त कर सकते हैं। 686868 पर  GOOD2TALKON मैसेज करके (लिखकर), विद्यार्थी किसी प्रशिक्षित वालंटियर क्राइसिस रेस्पोंडर के साथ चैट/बात कर सकते हैं।



The Sheridan College Institute of Technology and Advanced Learning
1430 Trafalgar Road
Oakville, Ontario L6H 2L1

**T** 905 845 9430

sheridancollege.ca